हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर 2025

11 राव जयराम स्कूल में धूमधाम में बनाया गया…



12 नांगल कालिया में 2 एकड़ में अवैध कॉलोनी पर चला…



## खबर संक्षेप

### आरती सिंह राव कनीना में आज

**कनीना।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव 15 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे मार्केट कमेटी कार्यालय कनीना पंहुचेगीं। जहां नवनियुक्त चेयरमैन जेपी यादव कोटिया के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होकर उन्हें चेयर पर पदस्थापित करेगीं। इस समारोह में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता सहित सभी सदस्य भी उपस्थित रहेगें। इस दौरान वे जन समस्याएं सुनकर उनका निदान भी करेगीं।

### विधायक को आज सौंपेंगे ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का नारनौल आगमन पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की ओर से मांगों का ज्ञापन विधायक कंवरसिंह यादव को 15 नवंबर सौंपा जाएगा। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने कहा कि मुख्यमंत्री तक ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की पैरवी के लिए यह ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आईजीयू का इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल 17 व 18 को

**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में 17 और 18 नवंबर को आईजीयू इंटर जोनल युवा महोत्सव-2025 आयोजित किया जा रहा है। युवा महोत्सव में रेवाड़ी जोन युवा महोत्सव एवं महेंद्रगढ़ जोन युवा महोत्सव में विजेता प्रथम चार टीमें अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह ने बताया कि आईजीयू युवा महोत्सव के डे-टु-डे कार्यक्रम का शेड्यूल कल महाविद्यालयों में भेज दिया जाएगा।



कनीना। पकड़े गए पिंजरे में बंद बंदर।

### कनीना में पकड़े गए 35 बंदर

**कनीना।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से टेंडर वर्क ऑर्डर जारी करने के बाद बंदर पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। अभी तक 35 बंदर पकडे गए। जिनमें आठ मेल, 12 फीमेल व 15 बच्चे शामिल हैं। बंदर पकड़े जाने का कार्य शुरू होने के बाद सैकड़ों बंदर फोरी कूद रहे हैं। उन्हें पकड़ने की योजना बनाई गई है। पकड़े गए बंदरों को रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में छोड़ा जाएगा। इस कार्य के पूरा होने के बाद नगरवासियों को उत्पात मचाने वाले बंदरों से जल्द ही निजात मिलेगी। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि बंदरों के आतंक से आमजन परेशान था। बच्चे एवं महिलाएं बंदरों का निशाना बन चुकी थी। जिनकी ओर से बंदरों को पकड़ने के लिए नपा कार्यालय में लगातार शिकायत आ रही थी।

महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह की तैयारियां अंतिम चरण पर

# अनाज मंडी में कल आएंगे सीएम पुलिस ने तैयार किया ट्रैफिक रूट

महाराजा शूर सैनी जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह को लेकर नारनौल ट्रैफिक एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सैनी सभा की ओर से प्रदेश स्तरीय महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह 16 नवंबर को नई अनाज मंडी में होगा। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। इस समारोह को सफल बनाने के लिए सैनी सभा के साथ साथ जिला प्रशासन की भी तैयारी अंतिम चरण में है। शुक्रवार को समारोह स्थल का जहां समाज, राजनीति व प्रशासन से जुड़े लोगों से दौरा किया।

वहीं शाम को पुलिस विभाग ने ट्रैफिक रूट भी जारी कर दिया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अनाज मंडी पहुंचकर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। इसके बाद पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव तथा पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने भी समारोह स्थल का जायजा लिया। इससे पहले समारोह को लेकर उन्होंने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के तहत किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य महापुरुषों और संतों के गौरवशाली इतिहास और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि समाज उनकी शिक्षाओं से प्रेरित हो सके। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर पधार रहे हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था से लेकर पार्किंग प्रबंधन तक, हर पहलू त्रुटिहीन होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी-अपनी ड्यूटी की ज़िम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझने और अपने अधीन सभी कर्मचारियों को लगाकर 15 नवंबर की शाम तक कार्यक्रम की सभी तैयारियां सुनिश्चित रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि समारोह में अलग-अलग रूट से नागरिक आएंगे।



नारनौल। समारोह स्थल का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी की जारी

16 नवंबर को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर महेंद्रगढ़ पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। नारनौल-नांगल चौधरी रोड पर भारी वाहन (ट्रक) बिल्कुल बंद रहेंगे। लोगों से कहा गया है कि वे भी इस रास्ते का कम इस्तेमाल करें। रेवाड़ी से आने वाले भारी वाहन जो भारी वाहन रेवाड़ी की तरफ से आकर नारनौल होते हुए निजामपुर व नांगल चौधरी जाते हैं, उनके लिए यह रास्ता सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। सिंघाना से आने वाले वाहन गहली फ्लाई ओवर से होते हुए लहरोदा की तरफ जाएंगे। नारनौल से जाने वाली बसें नीरपुर, सेका, मंढाणा से 148बी रूट का इस्तेमाल करें। दादरी की तरफ से आने वाली बसें लहरोदा फ्लाई ओवर से लेफ्ट टर्न लेकर 148बी से होते हुए ढाणी बाठोठा उतरकर यू टर्न लेकर नारनौल-नांगल चौधरी 148बी रोड से पार्किंग तक जाएंगी। रेवाड़ी की तरफ से आने वाली बसें और 152 डी से आने वाली बसें 148 बी से होते हुए ढाणी बाठोठा उतरकर यू टर्न लेकर नारनौल-नांगल चौधरी 148बी रोड से पार्किंग तक जाएंगी। बसों के लिए पार्किंग की जगह जलमहल, सीआईए रोड व कमेटी रोड पर बनाई गई है।

#### हल्के वाहनों के लिए रूट व पार्किंग

- रूट (किला रोड/महता चौक से), सीआईए रोड से थाना सदर नारनौल के सामने से होते हुए वाहन जल महल से राइट टर्न लेंगे।
- पार्किंग : नई सब्जी मंडी के गेट के सामने पार्किंग की जगह बनाई गई है।

#### सरकार कर रही संत महापुरुषों का सम्मान

विधायक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि अनाज मंडी में 16 नवंबर को होने वाला राज्य स्तरीय कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। महाराजा शूर सैनी जयंती के उपलक्ष में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह को लेकर प्रदेश के कोने-कोने से भारी संख्या में नागरिक पधारेंगे। विधायक स्थानीय अनाज मंडी में इस समारोह की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार 'संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के तहत सभी महापुरुषों की जयंती मनाती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री का यहां आगमन पर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। इस मौके पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव, जवाहर सैनी, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी व दयाराम यादव भी मौजूद थे।

मैनेजमेंट से बातचीत करने पर बनी सहमति

# डीएवी शिक्षण संस्थान से वापस ली जाएगी 60 एकड़ भूमि

- नगरपालिका की साधारण बैठक में विकास कार्यों को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

नगर पालिका कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर साधारण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने की। बैठक में सभी 14 वार्डों के लिए पारित किए गए करीब 18 बिंदुओं पर कार्य पूरा करने की योजना बनाई गई।

बैठक में उपस्थित वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, एमई दिनेश कुमार, जेई राकेश कुमार, लेखाकार मनोज कुमार सहित वार्ड पार्षद मंजू देवी, दीपक चौधरी, उषा यादव, रेखा देवी, राजकुमार यादव, राकेश कुमार, राजेश देवी, पूजा देवी, नितेश गुप्ता, योगेश कुमार, होशियार सिंह, सुमन देवी, राजेंद्र सिंह के अलावा मनोनीत पार्षद सवाई सिंह व नीलम देवी ने अपने विचार किए। करीब तीन घंटे तक शांतिपूर्वक चली बैठक में सर्वसम्मति से कई मुद्दों पर शीघ्रता से कार्य किए जाने की बात कही गई।



नारनौल। बैठक में विकास कार्यों को करवाने के लिए चर्चा करते पार्षद।

#### 14 वार्ड के इन 18 बिंदुओं पर कार्य योजना की तैयार

डीएवी शिक्षण संस्थान को दी गई करीब 60 एकड़ भूमि को वापिस लेने के लिए मैनेजमेंट से बातचीत करने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि यहां पर डीएवी पब्लिक स्कूल व इंजीनियरिंग कॉलेज पिछले लंबे समय से बंद पड़े हैं। जिससे भवन व जमीन की दुर्गति हो रही है। इसी प्रकार नपा परिधि का विस्तार करने, रेवाडी रोड से भैया वाला जोहड होते हुए कन्या विद्यालय तक मार्ग की पैमाइश कराने, कॉलर वाले जोहड के दक्षिण दिशा में रास्ता नंबर 660 की पैमाइश कराने, वाहनों की अधिकता एवं सड़क जाम से निजात दिलाने के लिए अटेली मोड से लेकर रेवाडी मोड टी प्वाइंट तक पीडब्ल्यूडी रोड को चौडा करने, गौशाला के निकट ककराला रोड आरयूबी पर टीनशेड लगवाने, नगरपालिका की रिहायशी, व्यावसायिक व कृषि योग्य भूमि में से अवैध कब्जे हटवाने, फुटबॉल मैदान में खेल नर्सरी का मैदान तैयार करने, मोलनाथ मंदिर के समीप स्वर्गाश्रम में टाइल रेसिंग करवाने व बेंच डलवाने, दुपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित करने, सुरक्षा के लिए मुख्य मार्गों पर चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने, कूडा डंपिंग यार्ड तक मार्ग पक्का कर दो गेट लगवाने, सिरस वाले जोहड पर गाउ घाट बनाने के कार्य किए जाने पर मंथन किया गया। इसके अलावा कनीना नपा द्वारा कई वर्षो पूर्व पंचायत समिति को दी गई कुल नौ एकड जमीन की राशि नपा को प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह जमीन कार्यालय व अधिकारियों के आवास बनाने के लिए फ्री में दी गई थी।

#### गंदे पानी के निकासी की सबसे बड़ी समस्याः डॉ. रिम्पी

नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि उपरोक्त कार्य सूची जिला नगर आयुक्त को भेजी जाएगी। उनकी मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कनीना में सबसे बड़ी समस्या गंदे पानी के निकासी की है। कॉलर वाला व होली वाला जोहड से पानी निकासी कर उसे एसटीपी के रास्ते से पीपल वाली बणी में भेजे जाने की योजना है। जिसके पूरा होने के बाद कनीना में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। इसके अलावा माणका वाली बणी में कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया गया है।

## अध्यापिका ने बच्चों के कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर खुद को कार्यालय में किया बंद, पुलिस ने खुलवाई कुंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

राजकीय उच्च विद्यालय नांगल कालिया में एक अध्यापिका ने बच्चों के कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर खुद को कार्यालय में बंद कर लिया। जिससे प्राचार्या समेत स्टॉफ सदस्यों में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने कार्यालय का ताला खुलवाकर शिक्षिका को सकुशल बाहर निकाला। प्राचार्या ने शिक्षिका पर बच्चों को मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए हैं।

पूनम कुमारी स्कूल में गेस्ट अध्यापिका नियुक्त है। स्टॉफ से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षिका ने सुबह स्कूल में पहुंचते ही विद्यार्थियों के कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराने आरंभ कर दिए। इस दौरान बच्चों ने विरोध भी किया, किंतु डांट-फटकार लगाकर साइन कराए गए हैं।

इसके बाद उन्होंने अपने आपको स्टॉफ रूम में बंद कर लिया। जिसकी सूचना मिलने पर प्राचार्या कैलाश देवी ने 112 पर डायल करके पुलिस को बुला लिया। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को कॉल करके बच्चों के कोरे कागजों में साइन कराने की जानकारी दी। शिकायत मिलने पर सैकड़ों अभिभावक स्कूल में पहुंच गए तथा अध्यापिका के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई। अभिभावकों ने बताया कि जब उन्होंने मामले की शिकायत मैडम से करनी चाही, तो अध्यापिका ने उल्टा उन पर ही मारपीट और बदसलूकी के आरोप लगा दिए। स्कूल स्टाफ ने भी बताया कि अभी कुछ महीने पहले भी इसी अध्यापिका ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था, जिसके चलते शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मैडम ने पहले भी बच्चों का ब्रेन भ्रमित करने की कोशिश की है और काफी दिनों से बच्चों पर दबाव बना रही है। हमें वो हस्ताक्षर किया हुआ कागज चाहिए।



नांगल चौधरी। अभिभावकों की शिकायत सुनते हुए थाना इंचार्ज भगत सिंह।

#### उच्चाधिकारियों को भेजी शिकायत, कार्रवाई की मांग

प्राचार्या कैलाश देवी ने बताया कि शिक्षिका पूनम देवी ने डरा धमकाकर बच्चों के कोरे कागज पर साईन करवाए हैं। जो कि गलत हैं, जिसको लेकर बच्चों के अभिभावकों को सूचित किया था। अभिभावकों के आने पर शिक्षिका ने खुद को स्टाफ रूप में अंदर से बंद कर लिया। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीणों व अभिभावकों ने आरोपित शिक्षिका तबादले को लेकर एक लिखित पत्र दिया है। जिसे उच्चाधिकारियों को भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## बुजुर्ग मां की पिटाई करने वाला बेटा गिरफ्तार, पौते अभी फरार

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के त्वरित संज्ञान पर बुजुर्ग महिला से मारपीट के मामले में तुरंत कार्रवाई, लाठी भी की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो के माध्यम से संज्ञान में आए एक गंभीर मामले में, जिसमें एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट किए जाने की घटना दिख रही थी, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसपी के निर्देशानुसार पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। डीएसपी भारत भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस जांच में पाया गया कि वायरल वीडियो नांगल चौधरी के गांव मोरुंड का है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा गया कि एक बुजुर्ग महिला के साथ उसके अपने बेटे और पोते द्वारा अमानवीय तरीके से मारपीट की जा रही थी। जांच में पुष्टि होने के तुरंत बाद आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल एक आरोपित मुकेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और उससे एक लाठी बरामद की गई है।

डीएसपी ने कहा कि बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार या किसी भी प्रकार की हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह घटना बेहद निंदनीय है। डीएसपी ने कहा कि अपने बुजुर्गों का सम्मान करना हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। सभी अपने बुजुर्गों का उचित सम्मान करें और उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें। यदि किसी को भी कहीं बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।


जमीन के लिए बेटे ने बुजुर्ग मां को पीटा

नारनौल। 14 नवंबर को प्रकाशित समाचार। फोटो : हरिभूमि

#### यह है मामला

*बुजुर्ग महिला के छोटे बेटे नरेश कुमार ने नांगल चौधरी थाना में इसकी शिकायत दी। उसने बताया कि वह अलग मकान बनाकर रहता है। उसके बड़े भाई मुकेश ने उसके पिता के साथ लगभग तीन महीने पहले बुरी तरह मारपीट की थी। शिकायतकर्ता ने उसके पिता का ईलाज करवाया था और कुछ दिन बाद उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। मुकेश शिकायतकर्ता से उस बात को लेकर झगड़ा करता कि पिता का इलाज क्यों करवाया और इस बात से रंजिश रखने लग गया। अब 11 नवंबर को लगभग नौ बजे वह उसकी मां व उसकी पत्नी घर के अंदर अपना काम कर रहे थे, उसी समय घर के अंदर मुकेश और उसके लड़के लाठियां लेकर घुस गए। उसकी मां के साथ गाली गलोच करते हुए लाठियों से चोटें मारी। वह बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी चोटें मारी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*

प्रथम पुण्यतिथि पर
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
आप वह चट्टान थे जिसने, हर तूफां से हमें बचाया था।
अनुशासित रह, हम बच्चों को स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया था।।



(23 जनवरी 1933 - 15 नवम्बर 2024)
हमारे आदरणीय
स्व. मा. भगवान सिंह यादव जी
की प्रथम पुण्यतिथि पर
शत् शत् नमन !!
दिनांक : 15 नवंबर, 2025 | हवन : प्रातः 8:15 बजे
स्थान : समाधि स्थल, कुक्सी, महेंद्रगढ़ (हरि.)
शोकाकुल
संतोष यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा (पुत्री) श्रीमति चंद्रकला यादव (धर्मपत्नी)
विनोद यादव रिटायर्ड प्रिंसिपल (पुत्री) श्री रोहताश यादव (भाई)
अनिल यादव कुकसी (पुत्र)
राजेंद्र यादव, सुनील यादव प्रिंसिपल, कुलदीप यादव (भतीजा), गौरव यादव (दोहता)
डॉ. वत्सला राजेराव, डॉ. दिव्यांशी राजेराव (पोती)
एवं समस्त खोश्या परिवार

मानव मस्तिष्क लगभग 15 वाट पर संचालित होता है।

मकड़ी के रेशम का एक धागा इंसान के बाल से भी पतला होता है।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान

बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेजन वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफ़ी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :** बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**मुख्य पदनाम:**
- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या NASA रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या जू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

## आखिरी धमाका

### आज शुरू करो, कल किंग बनो!

**छात्रों, कैरियर बोझ नहीं** : तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**

काम के बाद फोन बंद!

शाम 7 बजे के बाद: लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।

**वीकेंडरूल:** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।

उदाहरण: कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**




वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।

**आज ही सोचो** : तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

तुम कर सकते हो! जय हिंद!

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### बिहार की प्रचंड विजय ने मोदी मैजिक पर लगाई मोहरः शर्मा



**नारनौल।** बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बीजेपी हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से बिहार में एनडीए का गठबंधन ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है उसे मोदी मैजिक पर मोहर लगी है, जिस प्रकार से बिहार की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया।

### एनडीए की जीत पर जमकर खुशी मनाई

**नारनौल।** बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद नारनौल में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एनडीए की जीत पर जमकर खुशी मनाई। हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि चुनाव परिणाम स्पष्ट कर देते हैं कि देश और बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित है। महावीर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटते हुए उन्होंने कहा कि बिहार का मतदाता जागरूक है।

### विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाया

# एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अध्यापकों ने कविता, गीत व भजन के माध्यम से बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए बच्चों के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया और उनका मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों भाषण, गीत, नाटक, चुटकुले, कविता व पहेलियों के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए तथा नेहरूजी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से चौथी तक के विद्यार्थियों को नारनौल के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। कक्षा पांचवी व छठी के विद्यार्थियों के बीच बैलून रेस, स्लो रेस, बॉल रेस, हर्डल रेस जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रकार की स्टॉल्स लगाकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 में नीट परीक्षा में उत्तीर्ण नौ विद्यार्थियों, जेईई परीक्षा में उत्तीर्ण 13 विद्यार्थियों, क्लैट परीक्षा में उत्तीर्ण दो विद्यार्थियों मुस्कान व निर्देश तथा सीए बनने वाले पांच विद्यार्थियों कपिल गुप्ता, निखिल अग्रवाल, सिमरन गोयल, सोनू अग्रवाल, व सलोनी गर्ग तथा 2025 में सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले देवेश गर्ग, गीतांजलि व प्रिंस गोयल को सम्मानित किया। वहीं डीएवी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता के लिए 60 विद्यार्थियों को भी प्राचार्य राजेश कुमार ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



**नारनौल।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि




### सिंघानिया विश्वविद्यालय में मनाया बाल दिवस

**नारनौल।** बड़ी पचेरी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय तथा नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। समारोह में मुख्यातिथि राजस्थान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस जखराना चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, विशिष्ट अतिथि सीएल पब्लिक स्कूल नारनौल के एमडी डॉ. अमित गुप्ता, राम प्रसाद बोहरा स्कूल बुहाना निदेशक अजय यादव तथा राव घीसाराम स्कूल के प्राचार्य महीपाल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के अध्यक्ष व रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण से हुआ, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ औपचारिक उद्घाटन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पौधा और शॉल भेंट कर किया गया। कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्साल ने कहा कि बच्चे आने वाले कल के कर्णधार हैं और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव इन्हीं के मजबूत हाथों में निहित है। मुख्यातिथि राजकुमार यादव ने विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार की प्रशंसा की और उनके अल्प कार्यकाल में हुए उल्लेखनीय परिवर्तनों की सराहना की।

### राव जयराम स्कूल में बनाया बाल दिवस



*महेंद्रगढ़। अटेली रोड पर स्थित राव जयराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राव जयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेन्द्र यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में निदेशक एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने पंडित नेहरू के चित्र श्रद्धासुमन अर्पित किए। निदेशक महोदय ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पंडित नेहरू के जीवन और उनकी शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला।*

### किडजी स्कूल में मनाया बाल दिवस उत्सव



**महेंद्रगढ़।** किडजी स्कूल में सोमवार को प्रातः नौ बजे चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें खेलकूद से लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह में चेयरमैन विजय सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मना कर किया गया। प्राचार्य विनय यादव ने बताया कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वास्तव में सभी को देशभक्ति और बचपन की भावना से ओतप्रोत कर दिया। सभी ननिहालों ने जमकर धूम मचाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता नाटक तथा जीवनी के माध्यम से जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बाल दिवस क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में बताया।

### विद्या भारती स्कूल में मनाया बाल दिवस

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर बच्चों ने बाल मेले का आयोजन किया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सामानों की दुकानें लगाई तथा मैजिकल खेलों का भी आयोजन किया। इस मेंले में विद्यार्थियों ने पानीपूरी, भेलपूरी, समोसे, कढ़ी कचौरी, चिप्स-कुरकुरे, फ्रूट चाट तथा मैजिकल खेलों के साथ का खूब आनंद उठाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव ने बताया कि इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यापारिक प्रक्रियाएं जैसे सामान खरीदने-बेचने, सामान का लेखा-जोखा रखने आदि का ज्ञान होता है तथा बच्चों में स्वावलंबन की भावना जागृत होती है। वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनशैली को एक आदर्श के रूप में अपनाने पर बल दिया।



## श्रीकृष्णा स्कूल में खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में सोमवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, पंजाबी डांस, ग्रुप डांस, भाषण, कविता सहित अनेक कार्यक्रम कराए गए, जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव थे, अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं दूसरी ओर कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के बच्चों की खेल प्रतियोगिता करवाई गई। खेल प्रतियोगिता के दौरान दौड़, ब्लून दौड़, निंबू दौड़, स्टीक संतुलन दौड़, रस्सा कस्सी, लांग जंप, हाई जंप, रिले दौड़ व कबड्डी के खेल करवाए गए। खेल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि स्कूल चेयरपर्सन डॉ. कविता राव मुख्य रूप से उपस्थित रही। प्राईमरी हेड नत्थूराम ने बताया कि थ्री लैग दौड़ में कक्षा प्रथम से शिवानी प्रथम, तीसरी कक्षा से मुकुल ने तीसरा, पांचवी में कविश, जसवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि विद्यार्थी सुनहरे भारत का भविष्य है। विद्यार्थियों को इन महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए। चेयरपर्सन डॉ. कविता राव कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना भी जरूरी है।



**महेंद्रगढ़।** स्पोर्टस मीट में कबड्डी खिलाड़ियों से रूबरू होती चेयरपर्सन डॉ. कविता राव।

## टैगोर स्कूल में बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैगोर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर राहुल यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके बाद विशेष सभा में बच्चों को बाल दिवस का महत्व और पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य वीरेंद्र सिंह और सीईओ डॉ. निशा यादव ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में पूरे दिन विभिन्न मनोरंजक, शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, दौड़ प्रतियोगिता, लेमन स्पून रेस, बैलेंस रेस, पजल गेम, क्विज प्रतियोगिता और अन्य फन एक्टिविटी गेम्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही ड्राइंग, पेंटिंग और स्लोगन लेखन जैसी गतिविधियों में भी बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की खुशी, हंसी और उत्साह का माहौल पूरे दिन बना रहा। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए छोटे-छोटे मनोरंजक खेल कराए, जिनका विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। डायरेक्टर राहुल यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और विद्यालय सदैव बच्चों को शिक्षा के साथ आनंदपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

### एनडीए गठबंधन की जीत पर बांटी मिठाई



**महेंद्रगढ़।** मिठाई बांटकर खुशी जाहिर करते हुए।

**महेंद्रगढ़।** बिहार विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ एक नया इतिहास रचा है। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री डॉ. अर्चना ठाकुर ने बाबा जयराम दास पाली में एनडीए गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटते हुए व्यक्त किए। अर्चना ठाकुर ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में जो आस्था दिखाई है, वो विपक्ष को करारा जवाब है। विपक्ष जो वोट चोरी के होने का जो जनता में झूठा प्रचार कर रहे थे। बिहार की जनता उनको करारा जवाब दिया है। जिला मंत्री अर्चना ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने सदा महिलाओं को सम्मान दिया है। जिस प्रकार आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता ने भारत को विश्व पटेल पर एक गौरवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उसी का प्रभाव बिहार के जनता के उत्साह व समर्थन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### हरियाणा स्कूल ने मनाया बाल दिवस



**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन होता है। इसे बालदिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था और बच्चें उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। बाल मेला का नाम सुनते ही बच्चों का चेहरा खिल जाता है। उनमे नई उमंग और चेतना जग जाती है, साथ ही मेले का आनन्द उठाते है। बाल मेले में आर्कषक स्टॉल बनाए गए थे। मेले में बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में लगे विभिन्न स्टॉलो में चाट पावभाजी, आइसक्रीम, केक-पेस्टी, गोलगप्पे, बर्गर, चाउमीन, स्वीट कॉर्न आदि लजीज व्यंजनो का जमकर लुफ्त उठाया।

### हिंदुस्तान स्कूल सलीमपुर में मनाया बाल दिवस



**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह की सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। स्कूल में बच्चों ने बाल दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। बच्चों ने डांस, भाषण, ड्रामा आदि में अपनी प्रतिभा दिखाई। यह दिन को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव ने बताया कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।

### सरस्वती स्कूल में हुई फन-फेयर और फूड फेस्ट प्रतियोगिता



*नांगल चौधरी। बाल दिवस पर सरस्वती सीनियर सकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी में फन-फेयर और फूड फेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या वंदना यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के चयरमैन दयाराम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को सात्विक भोजन तथा साहित्यक विचारों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाने की परंपरा बनी हुई है। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल में पौष्टिक भोजन तैयार करने की स्टॉल लगाई तथा शरीर को दैनिक रूप से आवश्यक तत्वों से अवगत कराया। तर्क दिया कि संतुलित भोजन नहीं मिलने के कारण मानसिक व शारीरिक विकास बाधित होता है।*

### बीआर स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन




**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन हो गया है। तीसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न टीम खेलों के फाइनल मुकाबल में उत्कृष्ट कौशल, टीमवर्क और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी के फाइनल मैच रहे। सभी मैचों में खिलाड़ियों का जोश, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा देखने योग्य थी। कबड्डी और खो-खो के मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे, जहां आखिरी मिनट तक बराबरी की टक्कर बनी रही। वॉलीबॉल और फुटबॉल के फाइनल मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट समन्वय, रणनीति और फिटनेस का परिचय दिया। वहीं क्रिकेट मैच में बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ने प्रभावशाली खेल दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। फाइनल मैचों के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता एवं उप-विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाणपत्र और ट्रॉफियां प्रदान की गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना की गई। प्रिंसिपल ज्योति भारद्वाज ने कहा कि यह तीन दिवसीय खेलकूद समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव हैं। खेल विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और दृढ़ता को विकसित करते हैं। इसी के साथ बीआर स्कूल का वार्षिक खेलकूद समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### आधारशिला स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**नारनौल।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

**नारनौल।** आधारशिला विद्यापीठ हाई स्कूल हुडीना में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर भिन्न-भिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगे और भविष्य के बिजनेसमैन बने। नौवीं और दसवीं कक्षा के हरजस व जतिन तथा आठवीं कक्षा की सृष्टि, खुशी, आकृति व दृष्टि ने गोल गप्पे और चाट का स्टॉल लगाया। इन्होंने बड़े ही व्यवसायिक रूप से स्टॉल को सजाया और सभी बच्चों और अध्यापकों ने बड़े ही चाव में साथ चाट और गोलगप्पों के स्वाद का आनंद लिया। कक्षा नौवीं के मयंक, आठवीं कक्षा के विवेक, कक्षा पांचवीं के नैतिक व अंश चौथी कक्षा की पूर्वी व शिवानी ने भेलपुरी की स्टॉल लगाई और लगात से डेढ़ गुना लाभ कमा कर परिपक्व व्यापारी होने का सबूत दिया। कक्षा छठी के रिद्धिमान ने मोमो, अभिषेक, योगेन, अंशुल, देवेन ने पेस्ट्री की स्टॉल लगाई। केशव व अंश ने सैंडविच, आर्यन ने कोल्ड कॉफी का, कक्षा सातवीं की चेतना व इशिका ने चन्ना चाट व कोल्ड ड्रिंक का, पांचवीं कक्षा की इशिका ने फ्रूट चाट का स्टॉल लगाया। कुछ बच्चों ने साज श्रृंगार का सामान का स्टॉल लगाया और इस काम को करने वाले अंशु और खुशी विशाल और खुशी ने मिलकर समोसा की स्टॉल, विनय ने स्टेशनरी का सामान और फ्रेंच फ्राइज को स्टॉल लगा कर शानदार व्यापार लिया। विद्यालय के चेयरमैन गिरीश खेड़ा ने कहा कि बाल दिवस संपूर्ण रूप से बच्चों का दिन होता है।

## बिहार की जनता ने अमन, चैन और शांति के लिए एनडीए को दिया वोट : भारती सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बिहार चुनाव परिणाम में जीत मिलने पर भाजपा नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा है कि बिहार की जनता ने अमन, चैन और शांति के लिए वोट दिया है। इस जीत का कारण एक मात्र मोदी–नीतिश में बिहार की जनता का विश्वास है। ये जीत है विश्वास की, मोदी नीतीश से आस की, जो बुझी है उस विशेष प्यास की, ये जीत है बिहारियों के अरदास की। उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित नहीं है। हमने पहले से ही कहा था कि प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। चुनावी रूझान बता रहे है कि एनडीए की सरकार बनने जा रही है। जिस तरह सूरज का उगना तय है, उसी तरह एनडीए की सरकार का बनना तय हैं। यह बात उन्होंने 16 नवंबर को नारनौल में महाराजा शूर सैनी समारोह में पहुंचने का निमंत्रण देते हुए शुक्रवार डोर–टू–डोर लोगों से कही। उन्होंने बिहार चुनाव की जीत पर कहा कि भाजपा ने मजबूत रणनीति अपनाई और मतदाताओं को आकर्षित किया। चुनाव केवल पुराने समीकरणों, नारों या गठबजोड़ से नहीं जीते जाते। नेतृत्व की मजबूती, संगठानात्मक सक्रियता और स्पष्ट राजनीतिक नैरेटिव ही जीत की कुंजी हैं। बिहार में मतगणना के साथ चुनाव के नतीजों की तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो चुकी है। एनडीए एकतरफा जीत की ओर बागे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह इस बार प्रदेश स्तरीय नारनौल में 16 नवंबर को होने जा रहा है।



**नारनौल।** बिहार जीत पर लड्डू बांटकर खुशी मनाती जिला अध्यक्ष भारती सैनी।

### सूचना

मैं गोविंद पुत्र श्री चांद निवासी मोहल्ला जैन धर्मशाला तालाब बहादुर सिंह नारनौल तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा घोषणा करता हूँ कि मेरी माँ शकुंतला का घर/कृषि है जो मोहल्ला जैन धर्मशाला तालाब बहादुर सिंह नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा में स्थित है। मेरी माँ का देहांत 24.03.2020 को हो गया। मेरे पिता के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी हैं: 1. कुसुम पुत्री 2. रवि कुमार पुत्र 3. सुमन पुत्री 4. गोविंद पुत्र। यदि कोई इस संपत्ति पर दावा करता है तो कृपया नगर परिषद नारनौल में 30 दिनों के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करे।

### हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल- 100 नग)**

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्नबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री बिरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार बधवा, फैंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेन्द्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल, फोन : 8295738500, 9253681005

**खबर संक्षेप**

### जत्था यात्रा के लिए ट्रैफिक रूट एडवाइजरी जारी

**नारनौल।** पुलिस ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर शहीदी नगर कीर्तन जत्था यात्रा को देखते हुए नारनौल शहर के लिए ट्रैफिक रूट एडवाइजरी जारी की है। लागों से कहा गया है कि यात्रा के गुजरने वाले मार्गों का प्रयोग करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि 16 नवम्बर की शाम यात्रा तीन बजे रेवाड़ी रोड स्थित सैनी सभा से शुरू होगी। यहां से महावीर चौक, सीएसडी कैंटीन, महिला आईटीआई, बहादुर सिंह तालाब, पुलिस लाइन, अग्रसेन चौक, लोहा मंडी, सिविल हॉस्पिटल, बहरोड टी प्वाइंट, महता चौक से गुरूद्वारा पहुंचेगी।

### कर्मचारियों की सुस्ती पड़ रही पेड़ों पर भारी

**कनीना।** वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुस्ती के कारण वन माफिया द्वारा क्षेत्र में तेजी से हरे पेड़ों पर आरी भांजी जा रही हैं। घंटों में कटाई किए जाने वाले मशीनों से मिनटों में साफ किए जा रहे हैं। जिससे पेड़ों की शामत आ गई है। तेजी से हो रहे पेड़ों के कटान से पर्यावरण दूषित होने का खतरा लगातार मंडराया जा रहा है। कनीना खंड के विभिन्न गांवों स्याणा, रामबास, गुढा, रसूलपुर, सुंदरह, पाथेडा, सेहलंग, खेडी, भोजावास, पडतल व मोडी आदि के खेतों से कटाई मशीनों द्वारा पहले पेड़ों को गिराया जाता है। उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक आरी से मात्र कुछ समय में किया जा रहा है।

## जिलास्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा का दिन

- डीसी ने अभिभावकों व शिक्षकों से बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें अच्छे संस्कार, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की शाखा जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष कैप्टन मनोज कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि पंडित जवाहरलाल की प्रतिमा के समक्ष पुष्प व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ मौजूद थी।

डीसी ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह हम सभी को बच्चों के अधिकारों, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद दिलाने का अवसर है। उन्होंने सभी अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें अच्छे संस्कार देने और उनके अंदर रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कहा कि बाल भवन में बच्चों को उनकी आयु, रूचि एवं योग्यता के अनुसार उनको विविध कलाओं के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध करवाती है। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष द्वारा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चण्डीगढ के माध्यम से प्राप्त बच्चों के नाम भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। इस्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्रा काव्या ने बहुत ही सुन्दर एकल नृत्य कला का प्रदर्शन किया। हरियाणवी व राजस्थानी फोक समूह नृत्य की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुती से समारोह में उपस्थित सभी लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।



नारनौल। कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

**542 विजेता बच्चों को सम्मानित किया**

समारोह में लगभग 542 विजेता बच्चों एवं जिला बाल कल्याण परिषद की वित्तीय स्थिति मजबूत करने में सहायता करने वाले सभी कॉलेजों के प्राचार्यों व जिला व मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका अदा करने वाले शिक्षकगणों को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ अशोक कुमार व डीओसी रमेश सोनी, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, नशा मुक्ति केंद्र से परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा आदि उपस्थित थे।

## आठ डीपीसी के साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़े

# नांगल कालिया में 2 एकड़ में अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पंजा



नारनौल। अवैध निर्माण कहकर तोड़ती मशीन। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार की ओर से शहरी क्षेत्र नांगल चौधरी में नजदीक यादव सभा के पास राजस्व सम्पदा मौजा नांगल कालिया में लगभग दो एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। इस दौरान इस भूमि में आठ डीपीसी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से कार्रवाई अमल में लाई गई।

इस संबंध में जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें। नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग के निदेशकसे लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। आम जन से बार-बार कहा भी गया है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। डीटीपी ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

# तीन जिलों ने चुनावों में दिया एकतरफा जवाबः आरती

- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अटेली हलके के कटकई, सिलारपुर व कलवाड़ी में किए धन्यवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को अटेली हल्के के कटकई, सिलारपुर व कलवाड़ी में अपने दौरा कर धन्यवाद कार्यक्रम किए। जब सिलारपुर में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव संबोधित कर रही थी तब उसकी मंच के सामने बिजली का पोल लगा हुआ था। इसके बारे में वहां के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री को हटाने के लिए बोला तो स्वास्थ्य मंत्री ने तुरंत उसे वहां से हटाने के लिए निर्देश दिए। वहीं के सरपंच की सबसे पहले मांग थी कि जोहड़ का पानी बरसात के समय में सड़क पर फैलता है। स्वास्थ्य मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए नया जोहड़ खुदवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आरती सिंह राव ने बताया कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने में दक्षिण हरियाणा की अतुलनीय भूमिका रही है। इसी को देखते हुए सरकार दक्षिणी हरियाणा के विकास पर पूरा फोकस कर रही है। हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के साथ ही लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। हमेशा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ दिया है। अटेली की जनता ने उन्हें विधायक और मंत्री बनने का गौरव दिया। हमारा उद्देश्य है कि हर वर्ग का उत्थान हो। इसके लिए सरकार की ओर से जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है।



मंडी अटेली। बिजली के पॉल को हटवाने के निर्देश देती स्वास्थ्य मंत्री।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, कंवर सिंह कलवाड़ी, नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, इंद्रजीत यादव, कुलदीप कलवाड़ी, बबली यादव सिहार, पूर्व चैयरमैन विकास यादव, मार्केट कमेटी के चैयरमैन दिनेश जैलदार, विक्रम सरपंच रामपुरा, ब्लॉक सिहमा के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य विजय दौगड़ा अहीर, समाजसेवी तेज प्रकाश, छाजूराम यादव, संदीप एडवोकेट, पूर्व सरपंच एडवोकेट सुरेश, प्रदीप तिगरा, जयप्रकाश, सरपंच नरेंद्र, छोटेलाल, सरपंच सतवीर व हेमंत आदि उपस्थित थे।

# बिहार में भाजपा गठबंधन की जीत पर अटेली में कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की भारी बहुमत से बनी सरकार को लेकर अटेली में खुशी का माहौल देखने को मिला।

पूर्व विधायक सीताराम यादव के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफल और जनकल्याणकारी नीतियों के चलते आज बिहार में भाजपा गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अब हर जगह से कमजोर हो चुका है और सिर्फ लोगों को गुमराह करने का काम कर रहा है।

भाजपा की जीत जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। इस मौके पर सुगन चंद सैनी, सुरेश शर्मा, बजरंग शर्मा, रतन यादव, राकेश अग्रवाल, भवानी शंकर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, रमेश यादव, बिजेंद्र आदि उपस्थित रहे।



मंडी अटेली। जीत को लेकर खुशी मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता।



नारनौल। लड्डू बांटकर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### एनडीए की प्रचंड जीत पर लड्डू बांटकर दी बधाई

**नारनौल।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर के महावीर चौक पर खुशी मनाते हुए लड्डू बांटे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, मीडिया पैनलिस्ट एडवोकेट राकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, महामंत्री महिपाल यादव, किशन लाल सैनी, वासुदेव यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, शिवरतन, जोगिंदर राजपूत, मनीष संघी, सपना गुप्ता, विकास अग्रवाल, संजय अमन, हेमंत चौबे, सरिता जांगिड़, भवानी शंकर, विकास लाठर, सुरेश चौधरी, रमेश जांगिड़, ओम प्रकाश वाधवा, संजय सैनी, मनोज यादव, सतीश वाल्मीकि, कमल वशिष्ठ, सुशील चौटाला, सरोज बाला, देव शर्मा और राम भजन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिहार में एनडीए की जीत विकास की जीतः विधायक

**महेंद्रगढ़।** बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत देश की जनता के विश्वास और विकास कार्यों की विजय है। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि एनडीए की सरकार बनना इस बात का प्रतीक है कि जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और विकास की गति पर भरोसा जताया है। विधायक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर यह खुशी साझा की। यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का सम्मान है। यह परिणाम दिखाता है कि लोग विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों और गठबंधन की नीतियों पर जनता ने पुनः भरोसा जताया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नांगल सिरोही अशोक कुमार, प्रदीप लावन, सोनू पार्षद, सैनी समाज प्रधान सुरेश सैनी, ललित कुमार, अमित कुमार, कमल सैनी, शिवम जांगड़ा, पवन दूलोठ, विकास यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। जीत पर विधायक को लड्डू खिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री की कार्यालय पर लड्डू खिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में भाजपाइयों ने मनाया जश्न, खिलाएं लड्डू

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में बिहार में हुए चुनाव में एनडीए की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा। कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। भाजपा नेता इंद्रजीत यादव ने कहा कि बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड जीत ने साबित कर दिया है कि बिहार की जनता अब जंगलराज से छुटकारा पा चुकी है और अब इस फिर से नहीं लाना चाहती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह जीत मिली है।

# अवैध कब्जा कार्रवाई के आदेशों पर नपा की लचर कार्यशैली भारी

- नपा पार्षद ने डीएमसी को शिकायत भेजकर कब्जा हटवाने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नपा के वार्ड-7 (ढाणी ठाकरान) के जोहड़ पर अवैध कब्जे की स्थिति बनी हुई है। शिकायत मिलने पर उपायुक्त ने नपा प्रशासन को तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे लेकिन करीब दो साल बीतने के बावजूद उपायुक्त के आदेशों पर अमल नहीं हुआ। अवैध कब्जे के चलते जोहड़ का सौंदर्यीकरण प्रभावित होने के साथ आमरास्ता में रूकावट हो रही है। नपा पार्षद ने डीएमसी को शिकायत भेजकर कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है।

वार्ड पार्षद कवर सिंह जाखड़ ने बताया कि शहबाजपुर सड़क के साथ में करीब 14 कनाल रकबे पर जोहड़ तथा स्कूल स्थापित है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन सौंपकर नहर से जोहड़ तक पाइप दबवाने की गुहार लगाई थी। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को एस्टिमेट भेजने के निर्देश दिए थे, जिसके अनुसार सिंचाई विभाग को बजट उपलब्ध करवा दिया।

पाइप लाइन की मदद से जोहड़ में पानी पहुंचा दिया, लेकिन अब छोटे बच्चों के डूबने की आशंका बन गई। बचाव के लिए विभाग से चारदीवारी निर्माण की गुहार लगाई थी। जनवरी 2014 में विभाग ने जोहड़ की चारदीवारी निर्माण कराने के लिए करीब 15 लाख का बजट स्वीकृत किया था।

इसके बाद नपा प्रशासन ने पैमाइश करवाकर निर्माण कार्य के टैंडर छोड़े थे। ठेकेदार ने जोहड़ के तीन तरफ निर्माण कार्य पूरा कर दिया, स्कूल की तरफ दो नामजद लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण करने से रोक दिया, जिसकी शिकायत नपा प्रशासन को सौंप दी। कार्रवाई नहीं होने पर उपायुक्त को अवैध कब्जे की समस्या से अवगत कराया गया था। उन्होंने जिला नगर आयुक्त को पत्र भेजकर तुरंत कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन आदेशों को करीब दो साल बीतने के बावजूद समस्या यथावत बनी हुई है।

**नपा सचिव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मिली जिम्मेदारी**

शिकायत मिलने पर तत्कालीन उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने 25 जनवरी 2024 को आदेश पारित करके नपा सचिव को कब्जा कार्रवाई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। उन्होंने विभाग को पुलिस की मदद से कब्जा हटवाने की हिदायत दी थी। किंतु अभी तक नपा प्रशासन ने कार्रवाई की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की, जिससे लोगों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

**सीएम विंडो भी हुई विफल**

पार्षद कवर सिंह जाखड़ ने बताया कि कब्जा कार्रवाई नहीं होने से लोगों का आमरास्ता रूका हुआ है। बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है साथ ही जोहड़ में एकत्रित पानी में कोई भी जानलेवा हादसा संभव है। बचाव के लिए सीएम विंडो, समाधान शिविर तथा विभागीय अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई थी बावजूद उन्होंने समाधान नहीं निकाला। जल्द ही कब्जा नहीं हटाया गया तो खंड मुखियालय पर धरने-प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## शातिर ठग अपना रहे नए-नए हथकंडे, महिलाओं को झांसे में लेकर उड़ाए 3 गैस सिलेंडर

# तीन वारदात, तीनों जगह सफेद रंग की गाड़ी लेकर आया शातिर

### बागोत के बाद दादरी जिले की सीमा में प्रवेश कर फरार हो गए आरोपी

गांव छितरौली उच्चत व बागोत में आरोपितों ने दिया घटना को अंजाम महिलाओं की शिकायत पर कनीना सदर थाना पुलिस ने किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों से शातिर ठग ने तीन घरेलू गैस सिलेंडर ठग लिए है। जिसकी शिकायत मिलने पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शातिर ठग नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। जिन्होंने पहले गांव छितरोली में गैस सिलेंडर हथियाने के मंसूबों को अंजाम दिया। उसके बाद उच्चत व बागोत में महिलाओं को बातों में उलझाकर सिलेंडर गाड़ी में डाले। बागोत के बाद वह दादरी जिले की सीमा में प्रवेश कर फरार हो गया।

**वारदात-1 : गाड़ी खराब का बहाना बना ले गया सिलेंडर**

गांव उच्चत निवासी महिला सुंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिन में करीब 12 बजे उनके घर के सामने एक सफेद रंग की कार आकर रूकी। जिसमें से एक अनजान व्यक्ति नीचे उतर कर उनके घर आया तथा उसने कहा कि उसकी गाड़ी खराब हो गई है, जिसे ठीक करने के लिए एक बार पेचकस दे दो। महिला पेचकस लाने के लिए कमरे के अंदर गई तो व्यक्ति ने उनकी रसोई में रखे गैस सिलेंडर को अपनी गाड़ी में रख लिया और रफूचक्कर हो गया। महिला असहाय होकर देखती रह गई।

**वारदात-2: पीछा किया पर हो गया फरार**

इसी प्रकार बागोत के निजी स्कूल में चपरासी की नौकरी करने वाले व्यक्ति सुनील द्वारा की गई चाय की दुकान पर सफेद रंग की गाड़ी आकर रूकी। जहां हाजिर उसकी पत्नी कृपा से कहा कि वह संदीप नामक शिक्षक है। उसकी गैस की गाड़ी है जो यहां आते ही बंद हो गई है। एक बार अपना गैस सिलेंडर दे दो गाड़ी स्टार्ट करने के बाद उसे वापस दे देगा। साथ ही व्यक्ति ने यह भी कहा कि वह उसके पति सुनील को भली भांति जानता है। महिला दुकान में आए दूसरे ग्राहक को सामान देने लग गई और शिक्षक संदीप सिलेंडर को गाड़ी में रखकर फरार हो गया। दुकान पर खडे ग्राहकों ने उसका पीछा करने की भी कोशिश की, लेकिन वह फरार होने में कामयाब हो गया। गाड़ी के पीछे अंग्रेजी भाषा में अल्टरा लिखा हुआ बताया गया है।

**वारदात-3 : पति से बात करती उससे पहले सिलेंडर लेकर फरार**

तीसरी घटना गांव छितरोली में घटित हुई। पीड़ित महिला पूनम ने बताया कि उनके घर के सामने एक सफेद रंग की कार आकर खड़ी हुई। जिसमें से उतरे अज्ञात व्यक्ति ने झांसा देते हुए कहा कि वह सरपंच के परिवार से है। उनके पति सतीश से बात हो रखी है एक खाली सिलेंडर दे दो। महिला ने अनजान व्यक्ति को सिलेंडर देने के बाद अपने पति से मोबाइल पर बात की। उन्होंने किसी भी व्यक्ति को सिलेंडर देने सम्बंधी कोई बात न होने को कहा। जिस पर महिला ने बाहर निकल कर देखा तो व्यक्ति गाड़ी में सिलेंडर रखकर जा चुका था।

**क्या कहते है थाना इंचार्ज**

सदर थाना इंचार्ज सजन सिंह ने कहा कि झांसे में लेकर सिलेंडर ले जाने वाले आरोपी कार चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश की जा रही है। आरोपित को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।